क्रियाओं में बचाव का
आकाशदीप

http://www.aiche.org/CCPS/Publications/Beacon/index.aspx

निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों के लिये संदेश

CCPS के समर्थकों द्वारा प्रायोजित


अक्तूबर 2010

# ख़तरनाक सामग्रियों का भंडारण और प्रेषण













आपके संयंत्र पर सामग्रियों को सुरक्षापूर्वक बनाने के लिए सभी ने ध्यान और मेहनत से काम किया है परंतु अभी भी प्रक्रिया सुरक्षा संबंधी कार्य पूरे नहीं हुए हैं ! आप उत्पाद-क्रिया से उत्पन्न उत्पादों, सह-उत्पादों और ख़तरनाक कूड़े का भंडारण कैसे करते हैं ? आप उन्हें ग्राहकों या कूड़ा फेंकने की सुविधाओं तक सुरक्षापूर्वक कैसे पहुँचाते हैं ? अब भी कुछ गड़बड़ हो सकती है – चित्रों में कई उदाहरण दिखाए गए हैं :

1 – किसी माल-गोदाम में रखा हुआ ख़तरनाक कूड़े का एक ड्रम असंगत सामग्री के संपर्क में आया जिससे उनमें प्रतिक्रिया हुई । ड्रम फट गया, छत से बाहर आया (तीर) और माल-गोदाम के ऊपर आ गिरा ।

2 – ज्वलनशील पदार्थ से भरे एक रिसाव वाले आई० एस० ओ० पात्र में सड़क पर आवागमन के दौरान आग लग गई ।

3 – एक प्रतिक्रियात्मक मोनोमर को गलत तरह की लाइनिंग वाली सड़क द्वारा भेजी जाने वाली टंकी-कार में रखा गया, जो टंकी-कार के लोहे के संपर्क में आया और पोलिमॅराइज़ हुआ जिसके फलस्वरूप टंकी कार में विस्फोट हुआ ।

4 – गलत ढंग से पैक की गईं लीथियॅम बैटरियों में फेंकने के स्थान पर ले जाते समय आग लग गई ।

## आप क्या कर सकते हैं?

- सुनिश्चित करें कि नमूने वाली छोटी बोतलों से लेकर रेल-द्वारा भेजी जाने वाली टंकीनुमा कारों तक और अन्य बड़े पात्रों सहित सभी पात्रों पर लेबल लगा हुआ है जिससे कि सबको पता हो कि उनमें क्या है ।
- प्रयोगशाला और संयंत्र के कूड़ेदानों पर ऐसे लेबल लगाएं जो यह बताते हों कि एक ही पात्र में क्या फेंका जा सकता है और क्या नहीं ।
- पैक किए हुए कूड़े को लंबे समय तक अपने संयंत्र पर जमा न रहने दें ।
- सामग्री को भेजने के लिए तैयार करते समय यह सुनिश्चित करें कि आप उचित पात्रों, पैकिंग, लेबल लगाने, प्रेषण-प्रपत्रों और अन्य ज़रूरतों सहित उन सामग्रियों को सुरक्षित रूप से भेजने संबंधी सभी ज़रूरी निर्देशों को समझते हैं ।
- ख़तरनाक सामग्रियों को पात्रों में भरने से पहले पात्रों का निरीक्षण करें । रिसाव के संभावित स्थानों को खोजने की कोशिश करें ।
- माल-गोदाम या अन्य भंडारण क्षेत्रों में सामग्रियों के सुरक्षित भंडारण संबंधी ज़रूरी निर्देशों को जानें और उनका पालन करें ।
- प्रेषण-प्रपत्रों या पात्र पर लेबल लगाने और क्षतिग्रस्त या रिसाव वाले पात्र का इस्तेमाल कैसे करना है सहित ख़तरनाक सामग्रियों की पावती संबंधी संयंत्र की कार्य प्रणालियों का पालन करें ।
- अगर आप अपने काम करते हुए अपने संयंत्र पर कहीं भी कोई क्षतिग्रस्त पात्र देखते हैं तो तुरंत इसकी जानकारी दें ताकि उसे सुधारने का कार्य किया जा सके ।

***ख़तरनाक सामग्रियों को सुरक्षापूर्वक रखें और भेजें !***

AIChE © 2010, सर्वाधिकार सुरक्षित । अव्यवसायिक व शिक्षा संबंधी कार्य के लिए पुनः जारी करने को बढ़ावा दिया जाता है । तथापि CCPS के अलावा किसी अन्य संस्था या व्यक्ति द्वारा बिक्री के लिए पुनः छापने पर प्रतिबंध है । हमसे ccps_beacon@aiche.org या 646-495-1371 पर संपर्क करें ।

सामान्यतयाः आकाशदीप अफ़्रीकान्स, अरबी, चीनी, डैनिश, डच, अंग्रेज़ी, फ़्राँसीसी, जर्मन, यूनानी, गुजराती, हीब्रू, हिंदी, हंगेरियन, इंडोनेशियाई, इतालवी, जापानी, कोरियन, मलय, मराठी, नॉर्वेजियन, फ़ारसी, पुर्तगाली, रूसी, स्पैनिश, स्वीडिश, थाई, तेलुगू, तुर्की, उर्दू और वियतनामी भाषाओं में उपलब्ध है ।

**This document has been translated with the help of Chilworth Technology Pvt. Ltd.**